nt>

Title: Demand of a statement over suicide committed by the farmers.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, जब यह सत्र प्रारम्भ हुआ था उस समय भी इस सदन ने अपनी चिन्ता व्यक्त की थी कि आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक, विदर्भ और केरल में बड़े पैमाने पर किसान आत्महत्या कर रहे हैं। ऐसी एक-दो घटनाएं नहीं हैं बल्कि अनेक घटानाएं हुई हैं जिनमें हजारों की संख्या में किसानों ने खुदकुशी की है और यह क्रम बराबर जारी है। तीन-चार दिन पहले अखबारों में पढ़ने को मिला कि आंध्रप्रदेश के कई किसानों ने खुदकुशी की। कल फिर यह समाचार पढ़ने को मिला कि आंध्रप्रदेश के एक किसान ने खुदकुशी की।

मैं आपके मार्फत सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि किसानों में बहुत बेचैनी है और वे परेशान हैं। इन घटनाओं के प्रकाश में आने के बाद सरकार ने क्या सकारात्मक प्रयास किए हैं, यह मैं जानना चाहता हूं। इसलिए मेरा निवेदन है कि सरकार इस बारे में सदन में वक्तव्य दे।

MR. SPEAKER: Now, Shri Krishnadas. If you all co-operate, I will allow all the Members who have given a notice.